**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी, भोपाल**

दिनांक : 08.06.2025 समय : 07.10AM

मुख्य समाचार :-

1- मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुंडम में एक हजार 400 करोड़ की लागत से गौमुख जलाशय बनाने की घोषणा की।
2- मोदी सरकार के 11 साल पूरा होने पर प्रदेश भाजपा चलाएगी संकल्प से सिद्धि अभियान
3- पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा कर परीक्षा देने वाले 22 अभ्यर्थियों के खिलाफ 21 प्रकरण दर्ज।
4- प्रदेश में मौसम के दो रूप...8 जिलों में बारिश का अलर्ट, ग्वालियर- चंबल में दो दिन चल सकती है लू।

**गौमुख जलाशय**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुंडम में जबलपुर और मंडला जिले के किसानों को बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुंडम के समीप ग्राम छपरा में सांदीपनिविद्यालय और आईटीआई का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए 1 हजार 400 करोड़ रुपए की लागत से गौमुख जलाशय बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमुख जलाशय से 25 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। जलाशय से जबलपुर जिले के 14 हजार 900 और मंडला जिले के 10 हजार 100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई संभावित है। इस अवसर पर डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र को सांदीपनि विद्यालय और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था की सौगात मिल रही है। यह शिक्षा के मंदिर इस क्षेत्र में रहने वाले छात्र-छात्राओं के जीवन में बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और विद्यार्थियों के जीवन की बेहतर दिशा तय करेंगे।

**संकल्प से सिद्धि**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में कल से 16 जून तक "संकल्प से सिद्धी" अभियान चलाएगी। इस दौरान विकसित भारत का अमृतकाल के अंतर्गत सेवा, सुशासन के तहत विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इस संबंध में कल रतलाम जिला भाजपा की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि बैठक में 9 से 12 जून जिला स्तर पर प्रोफेशनल समिट का आयोजन एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षीय कार्यकाल पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 12 व 13 जून को मंडल स्तर पर संकल्प सभाओं का आयोजन होगा, जिसमें अलग-अलग वक्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों को जनता के बीच रखेंगे। इसी प्रकार 15-16 जून को शक्ति केन्द्रों पर मोहल्ला चौपाल व ग्राम चौपाल का आयोजन होगा, इनमें विकसित भारत के अमृतकाल की ऐतिहासिक यात्रा का वर्णन भाजपा नेतागण जन-जन के बीच रखकर संकल्प पत्रक एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करेंगे।

### कृषि संकल्प यात्रा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल सीहोर में आयोजित कार्यक्रम में 113 करोड़ 45 लाख 59 हजार रूपये के विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण तथा भूमि-पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने पीएम आवास, कल्याणी पेंशन, परिवार सहायता, संबल, दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति-पत्र भी प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीहोर नगर पालिका को विकास कार्यों के लिये 50 करोड़ रूपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा सदैव यह प्रयास है कि जनता के विकास, मान, सम्मान और स्वाभिमान में कभी कोई कमी न आए। उन्होंने कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए देश के प्रत्येक गांव को विकसित बनाना होगा, इसके लिए जनता को सरकार के साथ मिलकर कार्य करना होगा। प्रत्येक नागरिक को अपने गांव को विकसित बनाने का संकल्प लेना होगा।

### विशेष प्रसारण- एनडीए सरकार-11 वर्ष

देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित एक दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष प्रसारण लेकर आया है। इस श्रृंखला में आज प्रस्तुत है देश में मध्यम वर्ग की बेहतरी पर केन्द्रित विशेष रिपोर्ट

### प्रधानमंत्री - डेविड लैमी

ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने दोनों देशों के बीच बढते संबंधों का स्वागत किया और भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी के अधिक मजबूत होने पर संतोष व्यक्त किया। विदेश मंत्री डेविड लैमी ने व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, नवाचार और स्वच्छ ऊर्जा सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में ब्रिटेन की गहरी रुचि व्यक्त की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के लिए नए आर्थिक अवसर उपलब्ध होंगे। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार विमर्श किया। श्री लैमी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का समर्थन किया।

### पुलिस भर्ती फर्जीवाड़ा

प्रदेश में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में फर्जी तरीके से शामिल होने वाले 22 अभ्यार्थियों पर कार्रवाई की गई है। इनमें से 21 पर अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। भोपाल स्थित पुलिस मुख्यालय में कल आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था अंशुमान सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश पुलिस आरक्षक जीडी तथा रेडियो में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए वर्ष 2023 में Online लिखित परीक्षा मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच में कुछ जिले में संदिग्ध रूप से भिन्नता पाये जाने पर बारीकी से जांच कराई गई, जिसमें यह पाया गया कि कुछ अभ्यर्थियों

द्वारा लिखित परीक्षा के पूर्व अपना आधार कार्ड का बायोमेट्रिक संशोधन कराया गया था तथा लिखित परीक्षा के ठीक बाद उनके द्वारा पुनः आधार कार्ड का बायोमेट्रिक संशोधन कराया गया। अब तक 21 प्रकरणों में मुरैना में 07, शिवपुरी में 06, श्योपुर में 02 तथा इंदौर, दतिया, ग्वालियर, अलीराजपुर, राजगढ तथा शहडोल में एक-एक प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं।

**मौसम**

अब खबर मौसम की, प्रदेश में मानसून की आमद 10 जून के बाद ही होगी। इससे पहले प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक के साथ लू भी चल रही है। मौसम विभाग ने आज दक्षिणी हिस्से के 8 जिलों बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा और सिवनी में आंधी, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट है। जबकि 9 और 10 जून को ग्वालियर-चंबल में हीट वेव यानी, लू भी चल सकती है। इस दौरान ग्वालियर, भिंड, मुरैना, टीकमगढ़, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना में लू चल सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

1- धार जिले में परिवहन विभाग एवं यातायात थाना द्वारा बदनावर में चेकिंग अभियान के तहत विभिन्न वाहनो की सघन जांच की गई।

2- खंडवा जिले में कल खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में संचालित ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का समापन उत्कृष्ट स्कूल परिसर मैदान पर हुआ

3- आगरमालवा जिले की गौशालाओं के सफल संचालन को लेकर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कल सभी गौशाला के संचालकों के साथ बैठक ली

4- पन्ना जिले में आगामी 11 जून से शुरू होने वाली जगदीश स्वामी रथयात्रा के संबंध कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

5- राजगढ़ जिले में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 11 जून को शासकीय आईटीआई में किया जाएगा।

-------